जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2017/ 250 दिनांक : 01.03.2017

प्रति,

अति आवश्यक सूचना

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष
समस्त सम्बंधित महविद्यालय/अध्ययनशाला,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः- परीक्षा आवेदन पत्र समयावधि में विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा ना किये जाने सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई गई दिसम्बर 2016 के विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा आवदेन पत्र आज दिनांक तक महाविद्यालय/अध्ययनशाला विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा नहीं कराये गये है। इस कारण परीक्षा उपरांत किये जाने वाले कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है, और साथ परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने में विलंब हो रहा है।

अतः सभी महाविद्यालय/अध्ययनशालाओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.03.2017 तक दिसम्बर 2016 तक के समस्त परीक्षा आवदेन पत्र अपडेट कर उक्त तिथि तक तत्काल प्रभाव से परीक्षा विभाग की सम्बंधित शाखा में जमा करावें। अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही के लिए महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष जिम्मेवार होगें। साथ समयावधि में परीक्षा आवेदन पत्र जमा ना कराये जाने की स्थिति में महाविद्यालय/अध्ययनशाला का परीक्षा परिणाम रोक दिया जावेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष का होगा। यदि कोई भी न्यायालयीन प्रकरण होता है तो इस स्थिति में महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष जिम्मेवार होगें तथा इस प्रकार के प्रकरण में विश्वविद्यालय जिम्मेदार नही होगा।

कृपया परीक्षा जैसे अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक- जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)